सुविचार
खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान दें, न कि साबित करने पर।

दैनिक भास्कर
करगिल विजय दिवस आज
कुल पृष्ठ 22 | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 8, अंक 298, महानगर

सेंसेक्स	81,463.09	↓	-721.08
डॉलर	86.52	↑	+0.12

देश में मानसून औसत बारिश 410.2 मिमी
जयपुर में अब तक 388.70 मिमी | कम/ज्यादा +158.84 मिमी
(पिछले साल अब तक 232.62 मिमी बारिश हुई थी)

बीसलपुर
फुल टैंक लेवल 315.50 आरएल मी. | आज तक 315.50 आरएल मी.

झुंझुनूं, शनिवार, 26 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-2, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीरी में आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान आयोजित

पिलानी | सीएसआईआर-सीरी में आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। सीरी सभागार में हुए कार्यक्रम में संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने स्वागत संबोधन दिया।

आयुर्वेद विशारद रामभाऊ बगाड़े ने आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवन शैली विषयक व्याख्यान में आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों, दैनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता व तनाव, अनियमित जीवनशैली और व्याधियों के समाधान में भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

पिलानी. आयुर्वेद व्याख्यान के दौरान मौजूद सीरी के वैज्ञानिक व स्टाफ।

प्रश्नोत्तर सत्र में कार्यक्रम में मौजूद सीरी स्टाफ ने स्वास्थ्य और आयुर्वेद से जुड़ी जिज्ञासाओं पर बात की। संचालन व संयोजन मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा का रहा।